प्रेस विज्ञप्ति
08 मार्च 2022

पीएफ़सी अपनी सीएसआर पहल के भाग के रूप में दिव्यांगजनों के लिए मोटर चालित ट्राइसाइकिल प्रदान करेगा

नई दिल्ली, 08 मार्च 2022, पीएफसी, एक महारत्न कंपनी और विद्युत क्षेत्र में भारत की अग्रणी एनबीएफसी ने दिव्यांगजनों के लिए मोटर चालित ट्राइसाइकिल के वितरण के लिए भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के साथ एक करार ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए ।

एमओए के अनुसार, पीएफ़सी एलिम्को को मोटर चालित ट्राइसाइकिलों के वितरण के लिए लगभग 4.70 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इन मोटरचालित ट्राइसाइकिलों का ब्लॉक एवं जिला स्तर पर श्रृंखलाबद्ध वितरण शिविरों का आयोजन कर लाभार्थियों को वितरण किया जाएगा।

एमओए पर श्री आर.एस. ढिल्लों, सीएमडी, पीएफसी, श्री राजन सहगल (आईएफओएस), अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एलिम्को की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर श्री रिजवानुर रहमान, कार्यपालक निदेशक (सीएसआर) पीएफसी और एलिम्को और पीएफसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

परियोजना का कार्यान्वयन चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा; जहां पहले चरण में पीडब्ल्यूडी/दिव्यांगजनों के लिए असेसमेंट कैंप आयोजित किए जाएंगे; जबकि दूसरे चरण में मोटरचालित साइकिलों का वितरण किया जाना है; और तीसरे और अंतिम चरण में वितरण के बाद सहायता दी जाएगी।

यह परियोजना समावेशी और सक्षम वातावरण की कल्पना करके दिव्यांगजनों को और ज्यादा अधिकार प्रदान करने में मदद करेगी। इस पहल पर विचार करने का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों के जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि करना और उन्हें टिकाऊ, अत्याधुनिक और वैज्ञानिक रूप से निर्मित आधुनिक, मानक सहायता और उपकरणों की खरीद में सहायता करना है ताकि दिव्यांगता के प्रभाव को कम करते हुए और साथ ही दिव्यांगजनों की आर्थिक क्षमता को बढ़ाते हुए शारीरिक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पुनर्वास को बढ़ावा दिया जा सके।

भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम और एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में, पीएफसी (PFC) स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्रों में विभिन्न विकासात्मक पहलों को वितीय सहायता प्रदान करके समाज का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हस्ता/-

(एस एस राव)
मुख्य महाप्रबंधक (जन-संपर्क)